लाल लाल चुनरी मैया

लाल लाल चुनरी मैया, तेरी लेकर आयेंगे,
धानी चुनर में ओ माँ अम्बे, जगदम्बे,
सितारे हम जड़वाएंगे,
लाल लाल चुनरी मैया ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैया जी का रूप अपने, हाथों से सजायेंगे।
'मैया को सजायेंगे हम, मैया को सजायेंगे'
गोरे गोरे हाथों में हम, मेहंदी लगायेंगे॥
'मेहंदी लगायेंगे हम, मेहंदी लगायेंगे'
पाँव में पायल माँ, हाथों प्यारी चूड़ी,,
हम पहनाएंगे*,,,
लाल लाल चुनरी मैया ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

चरणों से मैया तेरे, दूर नहीं जायेंगे
'दूर नहीं जायेंगे हम, दूर नहीं जायेंगे'
कहाँ ऐसी ममता लाल लाल चुनरीकहाँ, प्यार तेरा पाएंगे
'प्यार तेरा पाएंगे हम, प्यार तेरा पाएंगे'
मैया के दरश के नज़ारे, बड़े प्यारे,,
नैना बस जायेंगे*,,,
लाल लाल चुनरी मैया ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

हे जगजननी हमपे, कृपा इतनी करना
'कृपा तूँ करना माँ, कृपा तूँ करना'
भक्ति का दान देके, झोली तूँ भरना
'झोली तूँ भरना माँ, झोली तूँ भरना'
सुबह श्याम मैया रानी, दर पे तेरे नाम तेरा,,
हम गायेंगे*,,,
लाल लाल चुनरी मैया ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

लाल चुनार में, रूप लगे, कितना प्यारा।
वैष्णो माँ का, मिल के बोलो, जयकारा।
जयकारा वैष्णो देवी मैया का,,,,,,
बोल सच्चे दरबार की जय

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |